


❌ **दिये गये बयान भ्रामक, तथ्यहीन और धमकाने वाले हैं।**

**#ECIFactCheck**

✅कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचक नामावली तैयार करने में 31 DEOs, 419 EROs/AEROs, 58,834 BLOs, के अतिरिक्त सभी राजनीतिक दलों के सभी BLAs ने भी अहम भूमिका निभाई ।

✅ निर्वाचक नामावली का प्रारूप तथा अंतिम सूची INC सहित सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई थी, **अंतिम निर्वाचक नामावली के विरुद्ध एक भी अपील दाखिल नहीं की गई।** कर्नाटक CEO ने निर्वाचक नामावली को INC के साथ साझा करने की तिथियों की जानकारी इस लिंक के माध्यम से पहले ही साझा की है;(link:https://x.com/ceo_karnataka/status/1948352134317031602 )

✅लोकसभा 2024 चुनाव को संपन्न कराने में 2,82,648 Polling Officers तथा पीठासीन अधिकारियों , 28 ROs, 259 AROs, 113 Observers, तथा 4,230 Counting Supervisors, 4,230 Counting Assistant ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कराया।

✅ लोकसभा चुनाव 2024, आज से एक वर्ष से अधिक समय पूर्व सम्पन्न हुए थे । चुनाव परिणामों के विरुद्ध, कुल 10 Election Petitions दायर की गईं, **लेकिन इन में से एक भी याचिका किसी भी हारे हुए INC उम्मीदवार द्वारा दायर नहीं की गई ।** जबकि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 80 के अंतर्गत चुनाव परिणामों को चुनौती देने का वैधानिक अधिकार कांग्रेस के उम्मीदवारों को उपलब्ध था ।

✅अब एक साल बाद, लाखों चुनाव कर्मियों पर बेबुनियाद आरोप लगाना, बार-बार डराना-धमकाना और वोट चोरी जैसे शब्दों का उपयोग करना एक बेहद गैर-जिम्मेदाराना तरीका है । **समय रहते विधिक प्रावधानों का उपयोग न करना, और फिर बाद में इस प्रकार मीडिया के समक्ष बयान देना अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है ।**